# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# ग्रामीण निर्माण विभाग (पी0एम0जी0एस0वाई0)
# प्रखण्ड कर्णप्रयाग।

Phone/Fax- 01363-244843 E-Mail- eepmgsykaranprayag1@rediffmail.com

पत्रांक 904 /चार–प्रावि0/वन भूमि/पी0एम0जी0एस0वाई0/2019–20, दिनांक 17 /02/2020,

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव वन प्रभाग,
गोपेश्वर।

विषयः– **<u>जनपद चमोली के अन्तर्गत बूंगीधार–मेहलचौरी–बछुवाबाण मोटर मार्ग कि.मी. 12 से कोलानी लिंक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.775 है0 वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।</u>**

सन्दर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्रांक 8बी/यू0सी0पी0/06/160/2019/एफ़0सी0/2304, दिनांक 16.01.2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के उक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में बूंगीधार–मेहलचौरी–बछुवाबाण मोटर मार्ग कि.मी. 12 से कोलानी लिंक मोटर मार्ग के वनभूमि प्रस्ताव पर इंगित कमियों की बिन्दुवार निराकरण कर सूचना निम्नानुसार हैः–

| S.n. | E.D.S. RO. | Reply by User Agency |
|---|---|---|
| 1 | डिजिटल मैप के बिन्दु संख्या 10 से आगे मार्ग प्रस्तावित किये जाने का औचित्य प्रतीत नही होता है। अतः राज्य सरकार Digital Map के बिन्दु संख्या 10 तक का संधोधित प्रस्ताव इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। | उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है, कि मोटर मार्ग की लम्बाई 5.10 किमी0 प्रस्तावित है। जिसमें लक्षित बसावट कोलानी, गोगिना तोक एवं नौगॉव तोक को संयोजित किया जाना प्रस्तावित है। नौगॉव एवं गोगिना ग्रामसभा कोलानी के ही तोक है, जिससे की कुल 2001 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या 305 है, तथा 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या 603 है, **(संलग्न ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं प्रधान, ग्राम कोलानी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र)**। उक्त मार्ग का प्रारम्भिक बिन्दु धामदेव तोक (बूंगीधार–मेहलचौरी –बछुवाबाण मोटर मार्ग कि.मी. 12) से प्रारम्भ हो रहा है, जो कि पूर्व में संयोजित है।<br>अवगत कराना है, कि दिनांक 14.02.2020 को उक्त संरेखण पर पुनः स्थलीय निरीक्षण हेतु विभाग की ओर से कनिष्ठ अभियन्ता इं0 जगवीर लाल, सहायक अभियन्ता, इं0 नीरज चन्द्र ओली, प्रधान ग्राम पंचायत कोलानी एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के साथ स्वयं ग्रामीणों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया है, (संलग्न Geo-tag फोटोग्राफ्स) निरीक्षण उपरान्त पाया गया कि डिजिटल मैप में बिन्दु संख्या 10 से आगे कुल 183 जनसंख्या बसी है, जिसमे मार्ग अन्तिम बिन्दु पर सड़क के हिल साईड/खण्ड साईड में लगभग 69 की जनसंख्या मोटर मार्ग से संयोजित की जानी प्रस्तावित है।<br><u>उक्त मार्ग के डिजिटल मैप के बिन्दु संख्या 10 के आगे मार्ग निर्मित कर नौगॉव तोक (ग्राम कोलानी) एवं गोगिना तोक (ग्राम कोलानी) को संयोजित करने के अतिरिक्त गोगिना तोक में निर्मित 01 प्राथमिक विद्यालय नौगॉव (किमी0 3.875 में) 01 जूनियर हाईस्कूल नौगॉव (किमी0 3.900 में) एवं मार्ग के अन्तिम बिन्दु (किमी0 4.50 से किमी0 5.10) से अनुसूचित जाति को संयोजित किया जायेगा, चूॅकि पी0एम0जी0एस0वाई0 मानको के अनुसार लक्षित बसावट के साथ ही (विद्यालय /चिकित्सालय/ पशुचिकित्सालय/पोस्टऑफिस/पंचायत मुख्यालय/विद्युत/बैक इत्यादि को संयोजित किया जाना अतिआवश्यक है। उक्त जूनियर हाईस्कूल एक मतदान स्थल भी है।</u> प्रश्नगत मार्ग से लाभान्वित होने वाली बसावट कोलानी एवं ग्राम पंचायत कोलानी के अन्तर्गत आने वाली छोटी–छोटी तोक का तालिकावार विवरण निम्नानुसार हैः–<br><br>**क्र0 स0** \| **तोक का नाम** \| **मुख्य मार्ग से बसावट की दूरी**<br>1 \| नौगॉव तोक (ग्राम कोलानी) \| किमी0 0.300 से 1.75 किमी0<br>2 \| राजस्व ग्राम कोलानी \| किमी0 1.75 से 3.40 किमी0<br>3 \| गोगिना तोक (ग्राम कोलानी) \| किमी0 3.40 से 5.10 किमी0<br><br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है, कि क्षेत्र में मोटर मार्ग न होने से समस्त क्षेत्र विकास में बहुत पिछडा है, तथा वहॉ बसी जनसंख्या का ना ही सामाजिक एवं आर्थिक उथान हो पाया है, सामान्य दैनिक कार्यो व खाद्य सामग्री इत्यादि हेतु ग्रामीणों को 03 से 04 किमी0 की पैदल दूरी तय करने के साथ सामग्री सिर/पीठ पर ढोकर लानी पडती है, अस्वस्थ्य व्यक्तियों तथा महिलाओ के प्रसव आदि की स्थिति में मोटर मार्ग न होने के कारण समय पर चिकित्सा लाभ नहीं मिल पाता है, जिससे जानमाल का संकट उत्पन्न हो जाता है, स्थानीय ग्रामवासियों के अनुसार मोटर मार्ग न होने के कारण महिलाओं को प्रसव आदि के लिए ले जाते समय कतिपय महिलाओं द्वारा रास्ते में ही दम तोड दिये है, इसलिए उक्त मोटर मार्ग का निर्माण जनहित में किया जाना अतिआवश्यक है। |

क्रमश.........2

| S.n. | E.D.S. RO. | Reply by User Agency |
|---|---|---|
| 2 | State Government may upload and submit revised land schedule, tree enumeration list, bar chart, NPV calculation sheet, muck disposal plan and CA details upto point no. 10 as per digital map. | उक्त मार्ग के डिजिटल मैप के बिन्दु संख्या 10 के आगे मार्ग निर्मित कर नौगॉव तोक (ग्राम कोलानी) एवं गोगिना तोक (ग्राम कोलानी) को संयोजित करने के अतिरिक्त गोगिना तोक में निर्मित 01 प्राथमिक विद्यालय नौगॉव (किमी0 3.875 में) 01 जूनियर हाईस्कूल नौगॉव (किमी0 3.900 में) एवं मार्ग के अन्तिम बिन्दु (किमी0 4.50 से किमी0 5.10) से अनुसूचित जाति को संयोजित किया जायेगा, इसलिए लैड शैड्यूल, पेडो की गणना, बार चार्ट, एन0पी0वी0 की गणना, मक डिस्पोजल प्लान एवं सी0ए0 विवरण में संशोधन किये जाने की आवश्यकता नही है। |
| 3 | इसके अतिरिक्त मार्ग की लम्बाई कम होने से कुल वन भूमि की आवश्यकता में भी कमी आयेगी। राज्य सरकार तदनुसार सम्बन्धित | ग्रामीणों की आवश्यकतानुसार मार्ग की लम्बाई कम किया जाना सम्भव नही है, जिस कारण Part-I एवं Part-II के अभिलेखों में कोई परिवर्तन/संशोधन नही होगा। |
| 4 | State Government may submit the site Inspection Report of DFO mentioning comments | उप वन संरक्षक केदारनाथ वन्यजीव वनप्रभाग द्वारा साईट का निरीक्षण पूर्व में किया जा चुका है, जिनकी निरीक्षण आख्या संलग्न प्रेषित है। |

अतः उक्तानुसार सूचना इस अनरोध के साथ प्रेषित है, कि उक्त वनभूमि प्रस्ताव पर अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अग्रसारित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,पी0एम0जी0एस0वाई0
प्रखण्ड कर्णप्रयाग।

<u>पत्रांक एवं दिनांक उक्तानुसार।</u>

**प्रतिलिपिः**–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरानगर फारेस्ट कालोनी देहरादून को उक्तानुसार Geo-tag फोटोग्राफ्स की सी0डी0 एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं प्रधान, ग्राम कोलानी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की मूल प्रति में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है, कि कृपया उक्तानुसार सी0डी0/प्रपत्र अपने स्तर से अग्रसारित करने का कष्ट करें।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,पी0एम0जी0एस0वाई0
प्रखण्ड कर्णप्रयाग।

## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोलानी (तोक नौगांव एवं गोगिना) वर्ष 2001 CN1 (Census Code) 193400 के अनुसार जनसंख्या 305 है तथा वर्तमान में कुल जनसंख्या 603 है। जिससे संयोजित होने वसावटों का विवरण निम्नवत् है।

| क्र०सं० | संयोजित होने वाली बसावट का नाम | जनसंख्या (वर्तमान में) |
|---|---|---|
| 1 | कोलानी | 318 |
| 2 | कोलानी (तोक नौगांव) | 232 |
| 3 | कोलानी (तोक गोगिना) | 53 |
| | कुल जनसंख्या | 603 |

नोट– उपरोक्त जनसंख्या वर्तमान स्थिति में सही एवं सत्य है।

वर्ष 2011 के अनुसार जनसंख्या प्रमाणित
13/02/2020

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कोलानी
वि.ख. - गैरसैंण

प्रधान ग्राम पंचायत कोलानी
ह० राधा देवी
दि० 13-2-2020
वि०ख० गैरसैंण


जगमोहन सिंह
सदस्य क्षेत्र पंचायत
वार्ड-33 कोलानी
वि० ख०- गैरसैंण (चमोली)

# प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना

(1)

**NAME OF WORK :- CONSTRUCTION OF BUNGIDHAR MAHALCHAURI BACHUWABAN LINK MOTOR ROAD KM-12 TO KOLANI M/R**

**(SITE PHOTOGRAPH)**

<table>
<tr><td>
</td><td>Kolani Village (Tok Gogina)</td></tr>
<tr><td>
</td><td>Kolani Village (Tok Noaugaon)</td></tr>
<tr><td>
</td><td>Kolani Village</td></tr>
<tr><td>
</td><td>Kolani Village (Tok Gogina)</td></tr>
</table>

Jayveer
JE(PMGSY)

सहायक अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग
पी०एम०जी०एस०वाई०
उपखण्ड कर्णप्रयाग

# प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना



**NAME OF WORK :- CONSTRUCTION OF BUNGIDHAR MAHALCHAURI BACHUWABAN LINK MOTOR ROAD KM-12 TO KOLANI M/R**

**(SITE PHOTOGRAPH)**




Kolani Village




Middle School NaugaoVillage Kolani (Tok Gogina)




Primary School NaugaoVillage Kolani (Tok Gogina)




Kolani Village (Tok Noaugaon)

Jagmo
JE (PMGSY)

सहायक अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग
पी0एम0जी0एस0वाई0
उपखण्ड कर्णप्रयाग

# प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना



**NAME OF WORK :- CONSTRUCTION OF BUNGIDHAR MAHALCHAURI BACHUWABAN LINK MOTOR ROAD KM-12 TO KOLANI M/R**

**(SITE PHOTOGRAPH)**

| | |
|---|---|
| <br> | Kolani Village (Tok Gogina)<br>End Point of the Road |

Jogveer
JE (PMGSY)

सहायक अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग
पी0एम0जी0एस0वाई0
उपखण्ड कर्णप्रयाग